नवागंतुक अपर पुलिस अधीक्षक श्री राजेन्द्र कुमार गौतम द्वारा किया गया "मीडिया सेल" का औचक निरीक्षण

नवागंतुक अपर पुलिस अधीक्षक श्री राजेन्द्र कुमार गौतम द्वारा कल दिनांक **04.10**.2020 को "मीडिया सेल" महोबा का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान नवागंतुक अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपदीय मीडिया (प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मीडिया) के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी साथ ही साथ जनपद की सोशल मीडिया में चल रही खबरों से अवगत हुये जिस सम्बन्ध में सोशल मीडिया पर चल रही खबरों पर पैनी नजर रखते हुये त्वरित कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में प्रभारी सोशल मीडिया श्री धर्मेन्द्र कुमार यादव को आवश्यक निर्देश निर्गत किये।

औचक निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री सैनजीत सिंह, प्रभारी मीडिया सेल श्री धर्मेन्द्र कुमार यादव, उ0नि0 श्री राघवेन्द्र सिंह आदि अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

कोविड-19 के उल्लंघन पर किया गया 10550/-रू0 का जुर्माना एवं यातायात नियमो के तहत किये गये ई-चालानः-

आज दिनाँक 05.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में **कोविड-19** का पालन कराये जाने तथा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध चलाये जा रहे संघन चेकिंग/जागरुकता अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में चेकिंग की गई। जिसके तहत **कोविड-19/यातायात नियमो के उल्लंघन** पर समस्त थानो द्वारा **कोविड-19 के तहत 79 व्यक्तियों से 10550/-रू0** जुर्माना वसूला गया तथा यातायात नियमो के उल्लंघन पर **50 ई-चालान** किया गया।

जागरुकता अभियान के तहत लोगो को **नोवल कोरोना वायरस** के प्रति लोगो को जागरूक करते हुए घरो में सुरक्षित रहने तथा **मास्क का शत-प्रतिशत प्रयोग करने व सोशल डिस्टेन्स (02 गज की दूरी)** बनाये रखने की अपील की गई, जिससे संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

महोबा पुलिस द्वारा पैदल गस्त करके की गई संदिग्धों की चेकिंग व लोगो को कोविड-19 के प्रति किया गया जागरुक:-

आज दिनाँक **05.10.**2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे पैदल गस्त के दौरान संदिग्धो/संवेदनशील/धार्मिक जगहो की चेकिंग एवं **कोविड-19** के मद्देनजर मास्क चेकिंग/जागरुकता अभियान के तहत जनपद के समस्त थानो द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गस्त करके मुख्य बाजार, बस-स्टैण्ड, धार्मिक स्थलो सहित होटल/ढाबो/ दुकानो की चेकिंग की गई। पैदल गस्त के दौरान लोगो को **कोविड-19** संक्रमण के बारे में जागरुक भी किया गया। लोगो से **मास्क लगाने व 02 गज की दूरी** बनाये रखने की अपील की गई।

@Uppolice @ADGZonPrayagraj @igchitrakoot @igrangealld @News18UP
@JagranNews @News1IndiaTweet @FIN_UPUK @TheReportsToday
@salmanraja46 @SpecialCoverage @NewsStateHindi

महोबा पुलिस

महोबा पुलिस